# कांवटिया अस्पताल की जमीन औने-पौने दामों पर बेचने की शिकायत यू.डी.एच.मंत्री के पास पहुंची

## हैरिटेज निगम के कांग्रेस पार्षदों ने मंत्री को ज्ञापन देकर महापौर को बर्खास्त करने की मांग उठाई



**हैरिटेज निगम के कांग्रेस पार्षद मनोज मुद्गल, दशरथ सिंह और उत्तम शर्मा ने मंत्री झाबर सिंह खर्रा को ज्ञापन देकर महापौर मुनेश गुर्जर को हटाने की मांग रखी।**

**जयपुर ( कासं )।** शास्त्री नगर स्थित हरिबख्श कांवटिया अस्पताल के विस्तार के लिए छोड़ी गई सरकारी जमीन को औने-पौने दामों पर निजी अस्पताल को बेचने की शिकायत यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा के पास पहुंची है। हैरिटेज निगम के कांग्रेस पार्षद मनोज मुद्गल, दशरथ सिंह और उत्तम शर्मा ने मंत्री खर्रा को ज्ञापन देकर महापौर मुनेश गुर्जर को तत्काल हटाने की मांग रखी।

पार्षदों का कहना था कि मुनेश गुर्जर पर भ्रष्टाचार के आरोप प्रमाणित हो चुके हैं, एसीबी ने उन्हें प्रमाणित आरोपी मान लिया है, इसके बावजूद स्वायत्त शासन विभाग उन्हें महापौर के पद से नहीं हटा रहा।

- **पार्षदों ने कहा कि, ''कांवटिया अस्पताल के विस्तार के लिए छोडी गई इस जमीन को नीलाम करके निजी अस्पताल को बेचा गया है, सरकार इस प्रकरण में हस्तक्षेप करके नीलामी रद्द करे''**

पार्षदों ने बताया कि हरिबक्श कांवटिया जिला स्तरीय अस्पताल के पीछे अस्पताल के विकास व विस्तार के लिए जमीन आरक्षित की गई थी। इसका बाजार भाव करीब 2 लाख रुपए प्रति वर्ग गज है, इसके बावजूद महापौर मुनेश गुर्जर और अधिकारियों ने इस जमीन को मात्र 60 हजार 600 रु. प्रति गज के भाव पर बेच दिया। यह ना सिर्फ हैरिटेज नगर निगम और राज्य सरकार को राजस्व का नुकसान है, बल्कि खुला भ्रष्टाचार है। हैरिटेज निगम प्रशासन ने 25 करोड रुपए की जमीन मात्र 5 करोड रुपए में बेचकर बड़ा घोटाला किया गया है। इसलिए सरकार इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करते हुए जमीन का आवंटन रद्द करे।

# राहुल की तलाश के लिए नाहरगढ़ की पहाड़ियों में हेलिकॉप्टर सर्च ऑपरेशन

- **लापता युवक राहुल की कॉल डिटेल में किसी लड़की का नंबर मिला है, पुलिस इसकी भी जांच में जुटी**
- **18 पुलिसकर्मियों की एस.आई.टी. मामले की जांच कर रही है, परिजनों ने जिन लोगों पर शक जताया है, उनकी भी जांच करेगी पुलिस**

**जयपुर ।** शास्त्री नगर इलाके से नाहरगढ़ के चरण मंदिर घूमने जाने की कहकर निकले दो भाइयों में से छोटे आशीष पाराशर का शव पहाड़ियों पर मिला था, लेकिन बड़ा भाई राहुल अभी लापता है। बीते चार दिन से चल रहे सर्च के बाद भी राहुल का पता नहीं लग पाया है। गुरुवार को आशीष के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। वहीं राहुल की तलाश के लिए हेलीकॉप्टर भी बुलाया गया। दोपहर करीब 1 बजे जयपुर एयरपोर्ट से हेलिकॉप्टर ने उडान भरी थी और 2 बजे तक नाहरगढ़ की पहाड़ियों और आस-पास में सर्च किया।इस मामले में पुलिस ने स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) का गठन किया गया है। बताया जा रहा है कि पुलिस को राहुल की कॉल डिटेल से बड़ा इनपुट हाथ लगा है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार राहुल के कॉल डिटेल से एक लड़की का नंबर सामने आया है। उससे हादसे वाले दिन भी बात हुई थी।

राहुल व आशीष के परिजनों ने भी कुछ लोगों पर शक भी जताया है। ऐसे में एसआईटी उन सभी लोगों की भूमिका की जांच करेगी। इसके अलावा जिस फाइनेंस कंपनी में दोनों भाई जॉब करते थे, वहां के कर्मचारियों और उनके जॉब को लेकर भी जांच की जाएगी। पुलिस सूत्रों के अनुसार जब राहुल और आशीष की कॉल डिटेल खंगाली तो सामने आया कि हादसे वाले दिन आशीष ने अपनी मां को कॉल करने के बाद नाहरगढ़ के गार्ड को भी कॉल किया था। बताया था कि वह रास्ता भटक गया है। राहुल के मोबाइल से एक लड़की का भी नंबर मिला है। बताया जा रहा है कि हादसे वाले दिन राहुल की इस लड़की से भी बात हुई थी। पुलिस कॉल डिटेल के आधार पर भी अपने जांच को आगे बढ़ा रही है। इस पूरे प्रकरण की जांच के लिए एडिशनल कमिश्नर क्राइम कैलाश बिश्नोई ने 18 पुलिसकर्मियों की एसआईटी का गठन किया है। इसमें एडिशनल डीसीपी बजरंग सिंह, एसीपी भोपाल सिंह भाटी, अनूप सिंह, चन्द्र प्रकाश, इंस्पेक्टर भवानी सिंह, दलबीर सिंह, कैलाश चन्द्र, ईश्वर चंद, देवेन्द्र प्रताप वर्मा, राकेश ख्यालिया, धर्म सिंह, एसआई राजेश कुमार, भंवर सिंह, एएसआई प्रकाश चन्द,कॉन्स्टेबल, कुलदीप, कालूराम, रोहिताश कुमार व राकेश कुमार को शामिल किया है।

यह एसआईटी दोनों भाइयों की कॉल डिटेल व सीडीआर का एनालिसिस, लापता राहुल की तलाश के लिए प्लानिंग, मृतक आशीष की मौत के संबंध में जांच करेंगे। इस एसआईटी के लिए एडिशनल डीसीपी संगठित अपराध, एडिशनल डीसीपी पुलिस लाइन और नॉर्थ व वेस्ट जिले की एएचटीयू शाखा को निर्देश दिए गए है। एसआईटी रोजाना जांच रिपोर्ट देगी।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि आशीष का फोन रास्ता भटकने के बाद 12 घंटे से ज्यादा समय तक चालू था। रास्ता भटकने की सूचना दोपहर करीब 12 बजे की थी। उसकी लोकेशन लगातार ट्रेस हो रही थी। उसी लोकेशन के आधार पर पुलिस सोमवार की सुबह 6 बजे पहुंची तो आशीष की डेड बॉडी मिली। आशीष का मोबाइल डेड बॉडी मिलने से कुछ घंटे पहले ही बंद हुआ था। राहुल का मोबाइल जल्दी बंद हो गया था।

# अग्निशमन अधिकारी 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जयपुर ।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की जयपुर ग्रामीण टीम ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए नगरपालिका-बगरू जिला जयपुर के अग्निशमन अधिकारी धर्मेंद्र कुमार शर्मा को परिवादी से 50 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की जयपुर ग्रामीण टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि उसकी फैक्ट्री में हुई आगजनी की घटना का प्रमाण पत्र देने की एवज में अग्निशमन अधिकारी धर्मेंद्र कुमार शर्मा 50 हजार रुपये रिश्वत की मांग कर रहा है। एसीबी की जयपुर ग्रामीण टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील सिहाग के नेतृत्व में शिकायत कर ट्रेप की कार्यवाही करते हुए अग्निशमन अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार शर्मा को 50 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है।



आरोपी धर्मेन्द्र कुमार

# आपसी रंजिश में युवक को गोली मारी

**जयपुर।** बजाज नगर इलाके में आपसी रंजिश के चलते बदमाश ने एक युवक पर देर रात तीन फायर किए। एक गोली युवक के पैर में लगी। गोली लगने से युवक घायल हो गया। गोली चलने की आवाज सुनकर लोग बाहर निकले तो बदमाश वहां से भाग निकला।

पुलिस ने बताया कि सिद्धार्थ नगर निवासी हन्नी सिंह ने मानसरोवर निवासी 26 वर्षीय हरिओम को किसी पुराने मसले का सुलटारा करने के लिए बुलाया। इस पर हरिओम गोपालपुरा पहुंचा। दोनों कार के ऊपर बैठकर पुराने मसले पर चर्चा कर रहे थे, इसी दौरान दोनों में कहासुनी हो गई।

कहासुनी के बाद हन्नी ने हरिओम पर तीन बार फायर किए। इससे एक गोली हरिओम के पैर में लगी। इससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल युवक का सवाई मानसिंह अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि हरिओम के खिलाफ पहले से एक मुकदमा दर्ज है और हन्नी सिंह पहले कोई दुकान करता था। दोनों की उच्चैन भरतपुर के रहने वाले है। घटना रात करीब 12 बजे की है। घटना स्थल पर गोली के तीन खोल मिले है। आरोपी की तलाश की जा रही है। हमला करने के बाद बदमाश कार लेकर फरार हो गया। घटना के बाद ए श्रेणी की नाकाबंदी करवाई गई, लेकिन बदमाश का सुराग नहीं लगा।

वहीं दूसरी ओर महेश नगर थाना इलाके में एक रिटायर्ड थानेदार के बेटे द्वारा पडौसी को धमकाने का मामला सामने आया है। घटना का एक विडियो भी वायरल हो रहा है। इस मामले में अभी तक पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया है। ,

वायरल विडियो में रिटायर्ड थानेदार के बेटा पडौसी को जान से मारने की धमकी देता नजर आ रहा है। वीडियो में रिटायर्ड थानेदार का बेटा साफ कहता हुआ दिखाई दे रहा है ''उस दिन तुम पिटते-पिटते बचे थे। जाओ कर लो, क्या करलोगे रिकॉर्डिंग करके..बंद करवा दूंगा सबको।'' घटना के समय वहां पर पुलिस भी मौजूद थी। दोनों में आपस में मकान के प्लास्टर को लेकर विवाद बताया जा रहा है। मामला दर्ज नहीं होने पर पीडित पक्ष थाने के बाहर धरने पर बैठ गया। पीड़ित शैलेंद्र नरूका का कहना 100 नंबर पर 3 दिन से फोन कर शिकायत कर रहे हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। गत 2 दिन से महेश नगर थाने के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं हुआ।

# आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस ने रचा कीर्तिमान

**जयपुर ।** आई.सी.आई.सी.आई. प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने अपने एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) के तहत 3 लाख करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है। गत 31 जुलाई 2024 तक कंपनी का एयूएम 3.14 लाख करोड़ रुपए दर्ज किया गया। अनूप बागची, एमडी और सीईओ, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने कहा, ''एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) के तहत 3 लाख करोड़ रुपए की उपलब्धि हासिल करना हमारे लिए गर्व का विषय है। यह हमारे उत्पादों के प्रति ग्राहकों की पसंद को दर्शाता है। साथ ही, उनके दीर्घकालिक वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायता के रूप में हम पर उनके भरोसे को भी उजागर करता है। हमने अपने उत्पादों और प्रक्रियाओं को सरल बनाकर हमारे एसेट्स अंडर मैनेजमेंट में वृद्धि की है।''

# बदमाशों ने की युवक से लूटपाट

**जयपुर।** शिवदासपुरा इलाके में बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक को रोककर मारपीट की और उससे नकदी, मोबाइल, दो एटीएम व बाइक छीनकर ले गए। पुलिस के अनुसार चिम्मापुरा कोटखावदा निवासी विष्णु प्रजापत ने मामला दर्ज करवाया कि वह कम्पनी में काम कर घर जा रहा था। महल रोड पर दो बाइक सवार आधा बदमाशों ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया। बाम्बे अस्पताल के पास सुनसान स्थान पर बदमाशों ने उसे रोक लिया और मारपीट कर 50 हजार रुपए, मोबाइल, एटीएम और बाइक छीनकर ले गए।

# नाटक ''दरया'' का मंचन आज

**जयपुर ।** द मिस्टेकर्स की ओर से 6 सितंबर को शाम साढ़े 6 बजे रविन्द्र मंच के मिनी ऑडिटोरियम में नाटक 'दरया' का मंचन होगा। रंजना चौधरी द्वारा निर्मित और लोकेश राज कुमार द्वारा लिखित एवं निर्देशित नाटक ''दरया'' प्रेम-पिया नामक एक जोड़े की कहानी है। प्रेम थिएटर कम्युनिटी में अपना नाम और जगह बनाने की कोशिश में एक नाटक तैयार करना चाहता है। प्रेम के नाटक का नाम है ''दरया'' जो हीर-रांझा, रोमियो-जूलिएट और लैला-मजनू की कहानी है। लेकिन उसी दौरान पिया को आने वाले कुछ दिनों में ही मुम्बई जाना है, अपने मॉडलिंग के सपने को साकार करने। क्या प्रेम पिया के साथ मुम्बई जाएगा? क्या प्रेम नाटक कर पिया को ''दरया'' वाला प्यार समझा पायेगा?

# कोचिंग हब व चौपाटी के लिए बसें चलेंगी


## जे.डी.ए. आयुक्त की अध्यक्षता में ट्रेफिक कंट्रोल बोर्ड की बैठक में निर्णय हुआ

**जयपुर ।** जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल की अध्यक्षता में गुरूवार को ट्रेफिक कंट्रोल बोर्ड की बैठक जेडीए सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि शहर में सुगम यातायात के लिए

- **हाऊसिंग बोर्ड मानसरोवर और इंदिरा गांधी नगर में लगायेगा ट्रेफिक सिग्नल, नो-वैंडिंग जोन भी तय होगा**

राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड प्रशासन, नगर निगम व ट्रेफिक पुलिस की सहायता से मानसरोवर के सिटी पार्क व फाउण्टेन स्क्वायर, मध्यम मार्ग, विजय पथ चौराहे व डी-मार्ट के आसपास की सड़कों तथा इंदिरा गांधी नगर सीबाआई फाटक से गोनेर जाने वाली सडकों पर ट्रेफिक सिग्नल की व्यवस्था करेगा।





**जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल की अध्यक्षता में गुरूवार को ट्रेफिक कंट्रोल बोर्ड की बैठक हुई।**

इसके साथ ही इन क्षेत्रों में नो-वेंडिंग जोन भी घोषित किये जाएंगे।

इसके अलावा हाऊसिंग बोर्ड द्वारा विकसित कोचिंग हब, चौपाटी व अन्य योजनाओं में सार्वजनिक परिवहन सेवा के लिए प्रस्ताव जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लि. को भेजे जाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में परिवहन विभाग द्वारा प्रस्तावित नवीन मार्गो- सरना डूंगर, औद्योगिक क्षेत्र से मानसरोवर, मैट्रो स्टेषन वाया मंषारामपुरा, लालचंदपुरा, हाथोज, केडियाकोठी, हाथोज मोड (सिरसी रोड), सिरसी गांव, नाडिया, खातियों की ढाणी, भांकरोटा, हीरापुरा बस स्टेण्ड, कमला नेहरू नगर, 200 फीट चौराहा, बदरवास तिराहा, मानसरोवर मैट्रो स्टेशन का अनुमोदन किया गया। बैठक में यातायात नियमों से संबंधित रोड साईन-बोर्डो को डिफेसिंग से बचाव के लिए रोड साईन बोर्ड पर लोहे की जाली लगाये जाने का निर्णय लिया गया। टीसीबी द्वारा ई-चालान का फास्टटैग के माध्यम से भुगतान के क्रम में डीओआईटी को फिजीबिलेटी के लिए भेजने का निर्णय लिया गया। बैठक में आरटीओ आयुक्त मनीषा अरोडा ने बाल वाहिनी के संदर्भ में प्रस्तावित गाईडलाईन जारी करने से पूर्व मुस्कान एनजीओ के सुझावों को सम्मिलित करने के लिए आमंत्रित किया। बैठक में परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि जयपुर कलक्टर द्वारा ई रिक्शा छः जोन निर्धारण की अधिसूचना 28 अगस्त को जारी की जा चुकी है।

# तेज रफ्तार ट्रक ने छात्रों को कुचला

**जयपुर।** गोनेर रोड पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार छात्र रोहित शर्मा की मौत हो गई, जबकि उसका साथी राहुल शर्मा गंभीर घायल हो गया। घायल छात्र का अस्पताल में उपचार जारी है। हादसे के बाद आक्रोशित भीड़ ने रास्ता जाम कर प्रदर्शन कर मुआवजे की मांग की। सूचना पर मौके पर पहुंचकर खोह नागोरियान थाना पुलिस ने लोगो को समझाबुझाकर शांत किया। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर थाने पर खड़ा करवा दिया। दोनों छात्र शिक्षक दिवस पर अध्यापक के लिए गिफ्ट और केक लेकर लौट रहे थे। हादसा लूनियावास स्कूल के सामने कट पर हुआ। दोनों छात्र शिक्षक दिवस पर अध्यापक को देने के लिए गिफ्ट और केक लेकर स्कूल लौट रहे थे।

# एक माह में 3826 गुमशुदा महिला-पुरुष ढूंढे

**जयपुर।** गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश के लिए पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए गए अभियान ''उल्लास'' के सार्थक परिणाम देखने को मिले हैं। एक महीने चले इस अभियान के दौरान पुलिस ने प्रदेश में 3826 गुमशुदा महिला-पुरुषों को दस्तयाब करने में सफलता हासिल की।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस सिविल राइट्स एवं एएचटी भूपेंद्र साहू ने बताया कि गुमशुदा व्यक्तियों के पेंडिंग प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से पिछले महीने 1 अगस्त 2024 से 31 अगस्त तक विशेष अभियान ''उल्लास'' चलाया गया। विशेष अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए अभियान की शुरूआत में उनके द्वारा विस्तृत दिशा निर्देश जारी करते हुए अभियान में तकनीकी सहायता के लिए जिला स्तरीय साईबर सैल को जोडा गया।

एडीजी साहू ने बताया कि इसके साथ ही जिला व थाना स्तर पर टीमों का गठन करवाकर सभी पेण्डिंग एमपीआर व प्रकरण की सूची थाना सर्कल के अनुसार तैयार करवाई गई एवं अधिक से अधिक गुमशुदाओं की तलाश के लिये सभी टीम को निर्देशित किया गया।

साहू ने बताया कि पुलिस मुख्यालय की मिसिंग पर्सन सैल द्वारा अभियान की साप्ताहिक सूचना एकत्रित कर संकलित की गई। इस अभियान के दौरान प्रदेश में कुल 3826 गुमशुदा महिला व पुरूषों को दस्तयाब किया गया। जिसमें जिला अजमेर, जोधपुर पूर्व, झुन्झुनू, जयपुर पश्चिम, प्रतापगढ़, दौसा, जोधपुर पश्चिम, बून्दी, एवं जयपुर पूर्व द्वारा 20 प्रतिशत से अधिक गुमशुदा महिला व पुरूषों की दस्तयाबी कर अभियान के दौरान सराहनीय कार्रवाई की गई।

# मोटे अनाज के 8.80 लाख मिनिकिट नि:शुल्क वितरित

**जयपुर।** मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए भारत और राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। बजट घोषणानुसार कृषि विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में किसानों को बाजरा के 7 लाख 90 हजार और ज्वार के 89 हजार बीज मिनिकिटों का नि:शुल्क वितरण किया गया है। जिससे राज्य में मोटे अनाज के उत्पादन में वृद्धि होगी और किसानों की आय में भी बढ़ोतरी होगी।

मोटे अनाज की खेती कम सिंचाई एवं और कम उपजाऊ भूमि में भी आसानी से पैदा की जा सकती है। गौरतलब है मोटे अनाज को ऐसी फसल माना जाता है, जो कुपोषण, स्वास्थ्य और जलवायु परिवर्तन जैसी महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करती है। देश के प्रस्ताव के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा बाजरा, ज्वार, कोदो समेत 8 मोटे अनाज को प्रोत्साहित करने के लिए वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष घोषित किया गया था। ज्ञात रहे कि मोटे अनाज में बाजरा, ज्वार, रागी एवं कोंदो जैसे धान्य को शामिल किया गया है।



**केशव नगर में श्री देवनारायण मंदिर जयसिंहपुरा खोर से देव धाम जोधपुरिया जाने वाली पदयात्रा का समाजसेवी यशपाल गुर्जर ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर विमल सैनी, शैतान गुर्जर, देवा गुर्जर,प्रकाश गुर्जर एवं प्रियांशु गुप्ता उपस्थित रहे।**

# आयकर रिटर्न दाखिल नहीं करने वाली सहकारी समितियों को अवसर मिला

- **वर्ष 2018-19 से 2023-24 तक के आयकर रिटर्न किये जा सकेंगे दाखिल**
- **देरी की माफी के लिए मुख्य आयकर आयुक्त अथवा आयकर महानिदेशक के समक्ष कर सकेंगी आवेदन**
- **सहकारी समितियों को नियत तारीख तक रिटर्न दाखिल करना है अनिवार्य**

**जयपुर ।** आयकर रिटर्न दाखिल करने में लापरवाही बरतने वाली सहकारी समितियों को अनिवार्य रूप से रिटर्न दाखिल करने के लिए एक और अवसर प्रदान किया गया है। ये समितियां वर्ष 2018-19 से 2023-24 तक के सभी मूल्यांकन वर्षों के लिए रिटर्न दाखिल करने में हुई देरी की माफी के लिए मुख्य आयकर आयुक्त/आयकर महानिदेशक के समक्ष आवेदन दाखिल कर सकेंगी।

शासन सचिव, सहकारिता विभाग शुचि त्यागी ने बताया कि आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 139 (1) के तहत सहकारी समितियों को नियत दिनांक तक आयकर रिटर्न दाखिल करना अनिवार्य है। ऐसा नहीं करने पर वे अधिनियम की धारा 80 ( ) के तहत कटौती का लाभ प्राप्त करने की हकदार नहीं होंगी। साथ ही, समय पर आयकर रिटर्न दाखिल नहीं करने पर इन पर आयकर अधिनियम के प्रावधानों के तहत ब्याज एवं जुर्माना सहित परिणामी कर आरोपित किये जा सकते हैं।

त्यागी ने बताया कि सहकारी समितियों के वित्तीय वर्ष 2023-24 (मूल्यांकन वर्ष 2024-25) के लेखों की ऑडिट करवाकर आयकर रिटर्न प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर, 2024 को समाप्त हो रही है। जबकि, वर्ष 2018-19 से 2023-24 के लिए आयकर रिटर्न की अंतिम तिथि पूर्व में ही समाप्त हो चुकी है। उन्होंने बताया कि डिफॉल्टर सहकारी समितियों को वर्ष 2018-19 से 2023-24 तक के आयकर रिटर्न अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने एवं देरी माफी के लिए आवेदन दाखिल करने करने के लिए निर्देशित किया जा रहा है।

## सार-समाचार

### डॉ. बाघमार को शिक्षक गौरव सम्मान



**जयपुर ।** एसएस जैन सुबोध पीजी महिला महाविद्यालय, रामबाग सर्किल, जयपुर की डिपार्टमेंट ऑफ केमिस्ट्री की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.मंजू बाघमार को शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए स्वामी विवेकानंद शिक्षक गौरव सम्मान- 2024 प्रदान किया गया। शिक्षक दिवस पर स्वामी विवेकानंद बालिका शिक्षा प्रचार समिति जयपुर (राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस रिसर्च जयपुर) की तरफ से समिति के चेयरमैन डॉ.शैलेन्द्र मौर्य और सेक्रेटरी सुशीला भट्ट मौर्य ने उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### शुचि त्यागी ने ली समीक्षा बैठक



**जयपुर।** शासन सचिव महिला एवं बाल विकास शुचि त्यागी की अध्यक्षता में गुरुवार को प्रदेश के सभी उप निदेशकों एवं जिला मुख्यालय के सीडीपीओ के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से पोषण माह की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। शासन सचिव महिला एवं बाल विकास शुचि त्यागी ने समीक्षा बैठक में कहा कि राष्ट्रीय पोषण माह में राजस्थान अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करें इस हेतु की जाने वाली गतिविधियों को जन आंदोलन डैशबोर्ड पर अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें। निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) ओ.पी.बुनकर ने सभी उपनिदेशक एवं जिला मुख्यालय स्थित सीडीपी से पोषण माह प्रगति की बिंदुवार समीक्षा करते हुए कहा कि राजस्थान राष्ट्रीय पोषण माह में कई जिले बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहें हैं। बुनकर कहा कि कुछ जिले हैं, जिनका जन आंदोलन डैशबोर्ड पर प्रदर्शन अपेक्षाकृत कम नजर आ रहा है। इसमें सुधार कर जन आंदोलन डैशबोर्ड गतिविधियों के होने रिपोर्ट अपलोड करें।

### राजस्थान विवि.में शिक्षक दिवस मनाया



**जयपुर ।** राजस्थान विश्वविद्यालय के व्यावसायिक प्रशासन विभाग में गुरूवार को शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभाग के शोधार्थियों ने कार्यक्रम का संचालन किया, जिसमें विभाग के सभी शिक्षकों एवं छात्रों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों के योगदान को सम्मानित करना और उनकी शैक्षिणक उपलब्धियों को सराहना था।कार्यक्रम में डीन और विभाग अध्यक्ष प्रो. प्रदीप शर्मा ने प्रो. दिलीप सिंह , प्रो. पी.सी. जैन, प्रो. बिंदु जैन, प्रो. पवन शर्मा, प्रो. अनुराग शर्मा, डॉ एम.एल.वसीता , प्रो. मुकेश जैन के साथ विभाग की अर्ध-वार्षिक शोध जर्नल का विमोचन किया। इस जर्नल में विभिन्न शोधकर्ताओं के महत्वपूर्ण शोध-पत्र प्रकाशित किए गए हैं, जो व्यवसाय प्रशासन के क्षेत्र में नवाचार और अनुसंधान को प्रोत्साहित करते हैं। डीन प्रो. प्रदीप शर्मा ने शिक्षकों और शोधार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह जर्नल विद्यार्थियों और शिक्षाविदों के लिए प्रेरणादायक साबित होगी। उपस्थित सभी शिक्षकों ने अपने संबोधन में शिक्षकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और विद्यार्थियों को सही दिशा में मार्गदर्शन करने में उनकी भूमिका अहम है। कार्यक्रम के पश्चात, विभाग के सभी संकाय सदस्यों ने सामूहिक रूप से वृक्षारोपण किया। प्रत्येक संकाय सदस्य ने एक-एक वृक्ष लगाया, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल है। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष ने कहा कि वृक्षारोपण एक छोटी पहल हो सकती है, लेकिन इसका सकारात्मक प्रभाव आने वाले समय में दिखाई देगा। कार्यक्रम का समापन एक सामूहिक तस्वीर के साथ हुआ, जिसमें सभी शिक्षक, शोधार्थी और छात्र उपस्थित थे।

### कैनवास पर छाई गणेशजी की छटा

**जयपुर।** शहर के जाने माने यथार्थवादी कला के चित्रकार चंद्रप्रकाश गुप्ता ने कैनवास पर तेल रंग से मोती डूंगरी के गणपति को चित्रित किया है। गणेश उत्सव के मौके पर बनाई गई 6 गुणा 4 फ़ीट की इस पेंटिंग की खासियत उसके रंग हैं। गुप्ता ने बताया कि उन्होंने मोती डूंगरी गणपति की छटा को ध्यान में रखते हुए सिन्दूरी रंग और उनके श्रृंगार को उसके मूल रूप में सजाया है।